अध्याय - 1 स्थिति एवं विस्तार भूगोल

SAGAR
Page No
Date

★ भारत का दक्षिणतम बिंदु का क्या नाम है?

=> इंदिरा प्वाइंट।

★ भारत का कुल क्षेत्रफल कितना है?

=> 32.8 लाख वर्ग कि॰मी॰।

★ विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत भारत है?

=> 2.4 %।

★ भारत की स्थल सीमा रेखा की कुल लंबाई कितनी है?

=> 15,200 कि॰मी॰।

★ भारत की मुख्य भूमि की तटीय सीमा रेखा कितनी लंबी है?

=> 6,100 कि॰मी॰।

★ भारतीय द्वीपों की तटीय सीमा रेखा सम्मिलित करने पर इसकी कुल लम्बाई कितनी हो जाती है?

=> 7,516.6 कि॰मी॰।

★ भारत का दक्षिणी भाग कितने डिग्री उत्तरी अक्षांश से दक्षिण की ओर पतला होता गया है?

=> 22°।

★ भारत में अरुणाचल प्रदेश और कच्छ के बीच स्थानीय समय में कितने घंटे का अंतर है?

=> 2 घंटे।

★ सौराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश के बीच कितने

Scanned with CamScanner

डिग्री देशांतर का अंतर है ?

=> 30° ।

★ भारतीय मानक समय ग्रीनवीच स्टैन्डर्ड टाइम से कितने घंटे आगे है ?

=> $5\frac{1}{2}$ घंटा ।

★ केरल में सबसे छोटे एवं सबसे बड़े दिन में कितने मिनट का अंतर है ?

=> 45 मिनट ।

★ लेह में सबसे छोटे एवं सबसे बड़े दिन में कितने समय का अंतर है ?

=> 5 घंटे ।

★ श्रीलंका भारत से किसके द्वारा अलग होता है

=> मन्नार की खाड़ी और पाक जलसंधि ।

★ भारत की मुख्य भूमि पर स्थित धनुषकोटि से श्रीलंका का तट कितना दूर है ?

=> 24 K.m. ।

★ बिहार का शोक किस नदी को कहा जाता है

=> कोसी नदी ।

★ भारत और पाकिस्तान के बीच स्थित सीमा रेखा को क्या कहते हैं ?

=> रेड क्लिफ लाइन ।

★ क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन सा स्थान है ?

=> 7 वाँ ।

★ भारत के अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार

Scanned with CamScanner

में लगभग कितने डिग्री का अंतर है ?

=) 30° ।

★ भारत की मानक मध्याह्न रेखा का मान कितना है ?

=) 82° 3' ।

★ भारत की स्थलीय सीमा रेखा तटीय सीमा रेखा के लगभग कितनी बड़ी है ?

=) दुगुनी ।

★ भारत एवं चीन के बीच की सीमा रेखा का क्या नाम है ?

=) मैकमोहन लाइन ।

---

1.) भारत का मुख्य भूभाग 8°4' उत्तर से 37°6' उत्तर अक्षांश तथा 68°7' पूर्व देशांतर से 97°25' पूर्व देशांतर तक है ।

2.) भारत में कुल 29 राज्य एवं 7 केन्द्रशासित प्रदेश हैं ।

3.) कोसी नदी को बिहार का शोक कहते हैं जो हिमालय के गोसाई खान पर्वत से निकलती है।

कारण बताओ

1.) भारत का आक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार लगभग समान है किन्तु भूमि पर दोनों की वास्तविक दूरी समान नहीं हैं, क्यों ?

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

⇒ भारत का अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार दोनों लगभग समान है किन्तु भूमि पर दोनों की वास्तविक दूरी समान नहीं है। इसका कारण यह है कि पृथ्वी पर अंतर अक्षांशीय दूरी समान रहती है किन्तु अंतर देशांतरीय दूरी जैसे-जैसे ध्रुव की ओर जाते है कम होती जाती है।

(2.) भारत के अरुणाचल प्रदेश के निवासी सौराष्ट्र के निवासियों की तुलना में सूर्योदय होने से 2 घंटा पहले ही उठ जाते है, क्यों ?

⇒ भारत के अरुणाचल प्रदेश और सौराष्ट्र के बीच स्थानीय समय में 2 घंटे का अंतर है। जब अरुणाचल प्रदेश मे सूर्योदय होता है तो उस समय में सौराष्ट्र मे अँधेरा होता है। वहाँ 2 घंटे बाद सूर्योदय होता है। ऐसा दोनों में 30° देशांतरीय विस्तार के कारण होता है। इस प्रकार भारत के अरुणाचल प्रदेश के निवासी सौराष्ट्र के निवासियों की तुलना में सूर्योदय होने से 2 घंटे पहले ही उठ जाते है।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

(3.) भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य में जाड़े की ऋतु में जहाँ लोग गर्म कपड़े में लिपटे रहते हैं वहीं दक्षिणी राज्य केरल के निवासी खुली बदन एवं लुंगी में रहते हैं, क्यों ?

⇒ भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य उच्च अक्षांश में स्थित है। यहाँ सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती है। जिससे सूर्यताप कम मिलता है। जबकि वहीं दक्षिणी राज्य केरल निम्न अक्षांश में स्थित है। जिससे सूर्य ताप अधिक मिलता है। तो इसप्रकार भारत के जम्मू-कश्मीर के राज्य में जाड़े की ऋतु में जहाँ लोग गर्म कपड़े में लिपटे रहते हैं वहीं दक्षिणी राज्य केरल के निवासी खुले बदन एवं लुंगी में रहते हैं।

(4.) भारत की तटीय सीमा रेखा काफी लंबी है, क्यों ?

⇒ भारत की तटीय सीमा रेखा में भारतीय द्वीपों की तटीय सीमा रेखा को सम्मिलित करने पर भारत के तटीय सीमा रेखा लंबी हो जाती है। इसप्रकार भारत की तटीय सीमा रेखा काफी लंबी है।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

## लघु उत्तरीय प्रश्न :

(1.) भौगोलिक क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से भारत से बड़े सभी देशों का नाम क्रमवार लिखें।

⇒ भौगोलिक क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से भारत से बड़े सभी देशों का नाम क्रमवार से इसप्रकार है —
रूस, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, भारत।

(2.) बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में स्थित भारत के द्वीप समूहों का नाम लिखें।

⇒ बंगाल की खाड़ी में अंडमान निकोबार द्वीप समूह स्थित है और अरब सागर में लक्षद्वीप समूह स्थित है।

(3.) भारत की स्थलीय सीमा रेखा को छूने वाली सभी पड़ोसी देशों का नाम लिखें।

⇒ भारत की स्थलीय सीमा रेखा को छूने वाले पड़ोसी देशों के नाम इसप्रकार है —
पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, बंगलादेश तथा म्यांमार।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

(4.) भारत के कौन से राज्य अंतरराष्ट्रीय सीमा तथा समुद्र तट को स्पर्श नहीं करते हैं।

=> भारत के निम्न राज्य अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा तथा समुद्र तट को स्पर्श नहीं करते हैं —
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखण्ड।

(5.) जलसंधि किसे कहते हैं ?

=> जल का वह पतला भाग जो दो बड़े जल राशियों को जोड़ता है उसे जलसंधि कहते हैं। जैसे - पाक जल संधि।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :

(1.) भारत के अक्षांशीय एवं देशान्तरीय विस्तार का इसके समय पर क्या प्रभाव पड़ता है? स्पष्ट करें।

=> अक्षांशीय एवं देशान्तरीय विस्तार का इसके समय पर निम्न रूपों से प्रभाव पड़ता है। भारत की मानक देशान्तर रेखा 82° 30' पूर्वी देशान्तर है जो इलाहाबाद के नैनी से होकर गुजरती है। यह रेखा देश के बीचोंबीच गुजरती है।

कर्क रेखा जिसे $23\frac{1}{2}°$ उत्तरी अक्षांश के नाम से जाना जाता है। यह रेखा भारत के बीचोबीच से होकर गुजरती है। और यह देश को दो बराबर भागों में बाँटती है। यह रेखा झारखण्ड की राजधानी राँची तथा पड़ोसी देश बंग्लादेश से होकर गुजरती है। भारत का उत्तरी किनारा जम्मू-कश्मीर राज्य में है तथा 37°6' अक्षांश रेखा इसके उत्तरी किनारे से होकर गुजरती है। अतः विषुवत रेखा से यह काफी दूरी पर है। तथा सूर्य की किरणें यहाँ अत्यंत तिरछी पड़ती है। जबकि भारत का दक्षिणी किनारा तमिलनाडु में है तथा 8°4' अक्षांश रेखा इसके दक्षिण किनारे से गुजरती है। अतः विषुवत रेखा से काफी निकट है तथा सूर्य की किरणें यहाँ सीधी पड़ती है। देश में पूरब से पश्चिम की ओर जाने पर समय घटता जाता है। देश के पश्चिमी छोर पर सूर्योदय 2 घंटे बाद होता है। जबकि पूर्वी छोर अरुणाचल प्रदेश में 2 घंटे पहले होता है।

# अध्याय - 2 भौतिक स्वरूप : संरचना एवं उच्चावच

(1.) हिमालय की तीन समान्तर श्रेणियों का नाम लिखें।

=> महान या हिमाद्रि।
लघु अथवा मध्य हिमालय
बाहरी हिमालय

(2.) => ~~काराकोरम की सबसे ऊँची पर्वत~~ शिखर का क्या नाम है?

=> काराकोरम के सबसे ऊँचे पर्वत शिखर $K_2$ है। इसकी ऊँचाई 8611 मी. है।

(3.) कौन-सा तटीय मैदान अपेक्षाकृत अधिक चौड़ा है?

=> पूर्वी तटीय मैदान अपेक्षाकृत अधिक चौड़ा है

(4.) तटीय मैदान में स्थित तीन झीलों का नाम लिखें।

=> न्यूमंगलौर, कोची एवं लैगून तटीय मैदान के तीन प्रमुख झील हैं।

(5.) पश्चिमी घाट पर्वत का दूसरा नाम क्या है?

=> पश्चिमी घाट पर्वत का दूसरा नाम सह्याद्रि है।

Scanned with CamScanner

6.) मध्य गंगा के मैदान की चार विशेषताएँ बताएँ।

=> i.) यह मैदान जलोढ़ मृदा द्वारा निर्मित है।
ii.) यह काफी उपजाऊ मैदान है।
iii.) इस मैदानी क्षेत्र में देश की सर्वाधिक जनसंख्या निवास करती है।
iv.) इस मैदानी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के खाद्यान्न उपजाये जाते हैं।

7.) हिमालय और प्रायद्वीपीय पर्वतों के दो प्रमुख अन्तर बताएँ।

=> हिमालय पर्वत श्रेणी भूगर्भीय रूप से नवीन एवं बनावट के दृष्टिकोण से मोड़दार पर्वत श्रृंखला है। यह भारत के उत्तरी सीमा पर फैला हुआ है। जबकि प्रायद्वीपीय पर्वत भूगर्भीय दृष्टिकोण से प्राचीन है और यह भारत के दक्षिण में प्राचीन चट्टानों द्वारा निर्मित है।

8.) 'खादर' तथा 'बांगर' किसे कहते हैं?

=> खादर — नवीन जलोढ़ मृदा को खादर कहते हैं तथा प्राचीन जलोढ़ मृदा को बांगर कहते हैं।

Scanned with CamScanner

1.) उत्तर के विशाल मैदान की विशेषताओं को लिखें।

=) हिमालय पर्वत के दक्षिण और दक्षिणी पठार के उत्तर के बीच के भाग को उत्तर के विशाल मैदान के नाम से जाना जाता है। इस मैदानी भू-भाग के निर्माण में सिंधु, गंगा एवं ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह मैदान जलोढ़ मिट्टी से निर्मित है। यह भारत का ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे अधिक उपजाऊ और घनी जनसंख्या वाला मैदान है। भारत के इस मैदानी भू-भाग में विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों का उत्पादन किया जाता है। इस मैदानी भाग में मानव बसाव के लिए सभी अनुकूल परिस्थितियाँ मौजूद हैं। यह भारत का जीवनदायनी मैदान के रूप में है।

9.) पूर्वी घाट तथा पश्चिमी घाट में अन्तर बताएँ।

=> पूर्वी घाट पश्चिमी घाट से बिल्कुल भिन्न है। यह अधिक कटा-छटा है तथा पहाड़ियों के रूप में है।

पश्चिमी घाट उत्तर में तापी नदी के

वाये तट से प्रारंभ होकर दक्षिण में कन्याकुमारी अंतरीप तक फैला हुआ। इसे सह्याद्रि के नाम से जाना जाता है। यह दक्षिण की ओर पश्चिमी घाट पर्वत नीलगीरी की पहाडियों द्वारा पूर्वी घाट से मिलता है।

2.) प्रायद्वीपीय पठार को विभाजित कर किसी एक की चर्चा विस्तार से करें।

=> प्रायद्वीपीय पठार को दो भागों में बाँटा गया है। पहला मध्य उच्च भूमि और दूसरा दक्कन का पठार।
दक्कन का पठार – इस पठार को दक्कन ट्रैप के नाम से भी जाना जाता है। यह लावा द्वारा निर्मित है और लगभग 5 लाख वर्ग किमी में फैला हुआ है। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश महाराष्ट्र के अधिकांश भाग पश्चिमी आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य के अधिकतर भाग आते हैं। यहाँ लावा की अधिकतम अनुमानित गहराई 2134 मी० तक है। किन्तु पूरब और उत्तर की ओर इसकी गहराई अपेक्षाकृत कम है।

3.) हिमालय पर्वत श्रृंखला की विशेषताओं का वर्णन करें।

⇒ भारत की उत्तरी सीमा पर फैला हिमालय पर्वत श्रेणी भूगर्भीय रूप से नवीन एवं बनावट के दृष्टिकोण से वलित पर्वत श्रृंखला है। ये पर्वत श्रृंखलाये पूरब पश्चिम से पूरब दिशा में सिन्धु और ब्रह्मपुत्र नदी के बीच लगभग 2500 km की लम्बाई में अर्धवृत के रूप में फैला हुआ है। इसका क्षेत्रफल लगभग 5 लाख वर्ग कि॰मी॰ है। यह विश्व की सबसे ऊँची पर्वत श्रेणी है। इसकी चौड़ाई कश्मीर में 500 km एवं अरुणाचल प्रदेश में 160 km है। पश्चिमी भाग की अपेक्षा पूर्वी भाग की ऊँचाई में अधिकता पाई जाती है। ऊँचाई में अधिक विभितता पाई जाती है और इसकी तीन समान्तर श्रृंखलाये उत्तरी भाग में स्थित श्रृंखला को महान या आंतरिक हिमालय या हिमाद्रि कहते हैं। इसके समान्तार दक्षिण में स्थित श्रृंखला को लघु अथवा मध्य हिमालय कहते हैं एवं हिमालय के सबसे दक्षिणी पर्वत श्रृंखला को बाहरी हिमालय, कुप हिमालय अथवा शिवालिक के नाम से जाना जाता है। यह हिमालय का सबसे निचली पर्वत श्रृंखला है एवं यह हिमालय का

सबसे नवीन पर्वतीय भाग है।

अध्याय -10

आपदा प्रबंधन : एक परिचय

(1.) आपदा प्रबंधन क्या है?

⇒ विश्व के किसी भी देश में प्रायः बाढ़, सुखाड़, भूकम्प, सुनामी, ज्वालामुखी विस्फोट चक्रवात इत्यादि की घटना होती रहती है तो इन घटनाओं से बचने के उपाय को आपदा प्रबंधन कहते हैं।

(2.) आपदा को कम करने के लिए कौन-कौन उपाय किये जाने चाहिए?

⇒ आपदा को कम करने के लिए निम्न उपाय हैं —

(i.) आपदा के पूर्व की तैयारी।
(ii) जोखिम क्षेत्रों में बसाव को रोकना।
(iii) भूमि उपयोग की योजना तैयार करना।
(iv) आपदारोधी भवन का निर्माण करना।
(v) आपदा घटने से पहले जोखिम को कम करने के लिए तरीके तलाशना।
(vi) सामुदायिक जागरुकता और शिक्षा।

(3) तुम आपदा प्रभावित क्षेत्र में लोगों की किस प्रकार मदद करोगे ?

⇒ हम आपदा प्रभावित क्षेत्र में लोगों की निम्न प्रकार से मदद करेंगे ।

i.) जिनके परिजन बिछड़ गये हैं उन्हें उनके परिजन से मिलाने का प्रयास करेंगे ।

ii.) मलबे में दबे हुए लोगों को बाहर निकालने का प्रयास करेंगे ।

iii.) प्रभावित लोगों के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करेंगे ।

iv.) लोगों को स्वच्छ जल और ताजा भोजन की भी व्यवस्था करेंगे ।

v.) अस्थायी आवास सुलभ करायेंगे ।

vi.) सड़क तथा संचार सुविधाओं की पुनः शुरुआत करायेंगे ।

(4.) विद्यालय द्वारा किस प्रकार आपदा प्रभावित लोगों को मदद पहुँचाया जा सकता है ?

⇒ विद्यालय द्वारा कुछ समय के लिए प्रभावित लोगों को विद्यालय में रखकर और गाँव से सहयोग लेकर उनके भोजन और चिकित्सीय व्यवस्था करेंगे ।
प्रभावित लोगों के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी करेंगे ।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

पेयजल और भोजन की भी व्यवस्था कर विद्यालय द्वारा मदद पहुँचाया जा सकता है।

(i) आपदा प्रबंधन में ग्राम पंचायत की भूमिका का वर्णन करें।

ab) आपदा प्रबंधन में ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है। आपदा मानवजनित हो अथवा प्राकृतिक उनका प्रबंधन आवश्यक है। आपदा को पूर्णतः समाप्त कर देना लगभग असंभव है। लेकिन इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। आपदा प्रबंधन में लगे हुए लोगों के लिए प्रशिक्षण का कार्य भी आवश्यक है। आपदा प्रबंधन के लिए पंचायत तथा ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षण दिये जाने के साथ-साथ इससे निपटने की पूर्ण जानकारी दी जा रही है। आतंकवाद और साम्प्रदायिक दंगों को कम करने के लिए आतंकवाद विरोधी दस्ते का भी गठन किया गया है। आपदा प्रबंधन का कार्य ग्राम पंचायत की साझेदारी के बिना अपूर्ण माना जाता है। अतः हर आपदा प्रबंधन में ग्राम पंचायत की

Scanned with CamScanner

सक्रियता से आम लोगों की सक्रियता बढ़ जाती है। ऐसे स्थिति में लोग स्वयं कार्यों की प्राथमिकता तय करते हैं और आपदा के प्रभाव को न्यूनतम स्तर पर ले आते हैं।

(2.) आपदा प्रबंधन में राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करें।

उ) आपदा प्रबंधन में राष्ट्रीय स्तर पर किये गये कार्यों की समीक्षा इसप्रकार है —

i.) आपदा प्रबंधन के लिए प्रतिवर्ष बजट में आकारिमक निधि का प्रबंधन किया गया है इससे संकट के समय धनराशि की समस्या नहीं होती है।

ii.) आपदा प्रबंधन हेतु प्रधानमंत्री राहत कोष का भी गठन किया गया है।

iii.) आपदाओं की बारम्बारता के क्षेत्र का मानचित्रिकरण किया जा रहा है जिससे उसके क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त किया जा सके।

आपदा प्रबंधन में लगे हुए लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आपदा प्रबंधन में राष्ट्रीय स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

Page No.
Date

★ प्लेट विवर्तनिक शब्द का प्रयोग किसने और कब किया ?

⇒ तुज्जो विल्सन ने 1965 ई० में ।

★ इस सिद्धांत को किसने और कब प्रतिपादन किया ?

⇒ W. J. Morgan ने 1967 ई० में ।

पृथ्वी की उत्पत्ति लगभग कितने वर्ष पूर्व हुई थी ?

⇒ 5 अरब वर्ष पूर्व ।

जोजिला और बुर्जिल दर्रे किस राज्य में हैं

⇒ जम्मू - कश्मीर ।

बड़ा लाचला और शिपकीला दर्रे किस राज्य में है ?

⇒ हिमाचल प्रदेश ।

थागाला दर्रा किस राज्य में है ?

⇒ उतरांचल ।

नाथुला और जालेपला दर्रे किस राज्य में है ?

⇒ सिक्किम ।

हिमालय पर्वत श्रृंखला पश्चिम से पूर्व दिशा में सिन्धु और ब्रह्मपुत्र के बीच कितने k.m. की लम्बाई में अर्धवृत के रूप में फैला हुआ है ?

⇒ 2500 k.m. ।

★ हिमालय के उत्तर में काराकोरम पर्वत श्रेणी को किस नाम से जाना जाता है ?
⇒ ट्रांस हिमालय।
★ जँस्कार के उत्तर में कौन-सी पर्वत श्रेणी है?
⇒ लद्दाख।
★ सतलुज एवं सिन्धु के बीच स्थित हिमालय के भाग को किस नाम से जाना जाता है?
⇒ पंजाब हिमालय।
विश्व का सबसे अधिक उपजाऊ और घनी जनसंख्या वाला कौन-सा मैदान है?
⇒ सिन्धु-गंगा-ब्रह्मपुत्र का मैदान।
सतपुड़ा की धूपगढ़ चोटी कितनी ऊँची है और किस पहाड़ी पर है?
⇒ 1350 मीटर ऊँची, पंचमढ़ी पहाड़ी।
दक्कन का पठार कितने कि०मी० तक फैला हुआ है?
5 लाख वर्ग किलोमीटर।
दक्षिणी भारत की सर्वोच्च शिखर कौन-सी है और किस पहाड़ी पर है?
⇒ अन्नामुडी (2695 मी०) अन्नामलाई की पहाड़ी।
भारत की समुद्र सीमा के अंतर्गत कितने द्वीप है?
1256 द्वीप।

Scanned with CamScanner

बंगाल की खाड़ी के द्वीप समूह में लगभग कितने द्वीप हैं?

572 द्वीप।

बंगाल की खाड़ी के कितने द्वीपों पर आबादी पायी जाती है?

36 द्वीप।

अरब सागर में कितने द्वीप हैं?

47 द्वीप।

राजस्थान का मरुस्थल कितने कि० मी० लंबा है और कितने कि० मी० चौड़ा है?

644 km लम्बा, 160 k.m. चौड़ा।

भारतीय मरुस्थल का कुल क्षेत्रफल कितना है?

1,04,000 $k.m^2$।

भारतीय मरुस्थल में वर्षा कितने से०मी० से भी कम होती है?

15 cm.।

भारत में अन्तः प्रवाह की सबसे लम्बी नदी कौन है?

लूनी।

Scanned with CamScanner

## इकाई - 1 बिहार के एक गाँव की कहानी

ECONOMICS

Q उत्पादन से आप क्या समझते हैं ?

⇒ साधारण बोलचाल की भाषा में उत्पादन का अर्थ किसी नयी वस्तु का निर्माण करना है।

अर्थशास्त्र के अनुसार किसी उत्पादित वस्तु की उपयोगिता में वस्तु की उपयोग में सृजन करने से हैं।

Q उत्पादन तथा उपभोग में अन्तर कीजिए।

⇒ उत्पादन का तात्पर्य किसी वस्तु के निर्माण से हैं इसके विपरीत उपभोग का तात्पर्य उत्पादित वस्तु को अपने जीवन में विभिन्न रूपों में इस्तेमाल करने से है।

Q उत्पादन के विभिन्न साधन कौन-कौन से हैं?

⇒ उत्पादन के मुख्यतः 5 साधन हैं —

भूमि
श्रम
पूँजी
संगठन
साहस.

Page No.
Date

Q फतेहपुर गाँव के लोगों का मुख्य पेशा क्या है?

⇒ फतेहपुर गाँव का मुख्य पेशा कृषि है। इसके अलावे पशुपालन, मुर्गीपालन, भेड़पालन, सुअरपालन, इत्यादि है।

Q क्या सिंचित क्षेत्र को बढ़ाना महत्वपूर्ण है? क्यों?

⇒ हाँ, सिंचित क्षेत्र को बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की कृषि का 60% कृषि मॉनसून पर निर्भर करता है। मानसून पर अनिश्चितता पायी जाती है जिसका प्रतिकुल प्रभाव फसलों के उपज पर पड़ता है। सिंचित क्षेत्र को बढ़ाने से कृषि पर मॉनसून पर निर्भरता समाप्त हो जाती है और उपज की गारंटी होती है।

Q भूमि तथा पूँजी में अन्तर करें।

⇒ भूमि का तात्पर्य प्रकृति द्वारा दी गई उपहार से है। जैसे – जमीन, नदी, पहाड़, जंगल, हवा, पानी, इत्यादि

Scanned with CamScanner

इसके विपरीत पूँजी का तात्पर्य धन के उस भाग से है जिसका उपयोग अधिक धन कमाने के लिए किया जाता है।

Q उत्पादन में पूँजी का क्या महत्व है?

=> पूँजी उत्पादन का एक निष्क्रिय साधन है। उत्पादनों के साधन में पूँजी का एक अलग महत्व होता है। बिना पूँजी के किसी भी वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन संभव नहीं है।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

★ फतेहपुर गाँव का नाम किस व्यक्ति के नाम पर पड़ा ?
श्री फतेहश्वर नारायण सिंह ।

★ फतेहपुर गाँव के पूरब में कौन सी नदी है?
पुनपुन नदी ।

★ फतेहपुर गाँव में लगभग कितने परिवार रहते हैं ?
1500 परिवार ।

★ उत्पादन के कितने साधन हैं ?
5 ।

★ फतेहपुर में काम करनेवालों में कितने प्रतिशत लोग अपनी जीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं ?
75 % ।

★ फतेहपुर गाँव में कितने ई० से आज तक जुताई के अंतर्गत भूमि-क्षेत्र में कोई विस्तार नहीं हुआ है ?
1960 ।

★ खरीफ फसल कब उगाई जाती है ?
जुलाई से अक्टूबर तक ।

★ रबी फसल कब उगाई जाती है ?
नवम्बर से फरवरी तक ।

★ देश में आज भी कुल कृषि क्षेत्र के कितने प्रतिशत से भी कम क्षेत्र में ही सिंचाई होती है ?
40 %.

Page No.
Date

☆ भूमि मापने की मानक इकाई क्या है ?
हेक्टेयर।

☆ एक हेक्टेयर कितने मी० की भुजा वाले वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर होता है ?
100 मी०।

☆ श्रम को उत्पादन का कैसा साधन कहा जाता है ?
सक्रिय साधन।

☆ धान एवं हरी सब्जियाँ किस फसल के अंतर्गत आती है ?
खरीफ फसल।

☆ गेहूँ, दलहन, तिलहन एवं आलू किस फसल के अंतर्गत आती है ?
रबी फसल।

☆ श्रम कितने प्रकार के होते है ?
2 प्रकार।

☆ भूमि उत्पादन का कैसा साधन है ?
निष्क्रिय।

☆ उत्पादन के प्रमुख साधन कितने हैं ?
पाँच।

☆ उत्पादन का अर्थ क्या होता है ?

☆ ~~उत्पादन~~ अर्थशास्त्र में भूमि का तात्पर्य क्या है ?
प्रकृति प्रदत्त सभी निःशुल्क वस्तुएँ।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

Q
1.) श्रम को उत्पादन का सक्रिय साधन कहा जाता है।
2.) शिक्षक के कार्य को मानसिक श्रम कहा जाता है
3.) मशीन एवं यंत्र अर्थव्यवस्था के भौतिक अथवा पूँजीगत साधन है।
4.) सभ्यता के विकास के साथ ही मनुष्य की आवश्यकताएँ बहुत बढ़ गई है।
5.) वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन विभिन्न साधनों के सहयोग से होता है।
6.) उत्पादन की नयी तकनीक की वजह से उत्पादन क्षमता में अपेक्षाकृत वृद्धि होती है।

Q
1.) अर्थशास्त्र में उत्पादन का अर्थ उपयोगिता का सृजन करना है। ✓
2.) किसान के कार्य को मानसिक श्रम कहा जाता है। ×
3.) अर्थशास्त्र के प्रमुख तत्व प्राकृतिक साधन एवं भौतिक साधन है। ✓
4.) ब्रिटेन की आर्थिक व्यवस्था विकसित है। ✓
5.) भारतीय अर्थव्यवस्था एक मिश्रित अर्थव्यवस्था नही है। ×

Scanned with CamScanner

| स्तंभ 'क' | स्तंभ 'ख' |
| --- | --- |
| भूमि का पारिश्रमिक | लगान |
| श्रम का पारिश्रमिक | मजदूरी |
| पूँजी का पारिश्रमिक | ब्याज |
| व्यवस्थापक का पारिश्रमिक | वेतन |
| साहसी का पारिश्रमिक | लाभ |

## इकाई - 2 मानव एक संसाधन

★ वर्तमान में मानव संसाधन को क्या कहा जाता है?

मानवीय पूँजी।

★ मानवीय पूँजी कैसा होता है?

सजीव और सक्रिय

★ भौतिक पूँजी कैसा होता है?

निर्जीव और निष्क्रिय।

★ कौन-सा पूँजी देश के अंदर पूर्णतः गतिशील होती है?

भौतिक पूँजी।

★ प्राथमिक शिक्षा को नागरिक का मूल-अधिकार बनाने पर किसने जोर दिया?

प्रो० अमर्त्य सेन ने।

★ जनसंख्या किसी भी राष्ट्र के लिए कैसी पूँजी है?

अमूल्य।

संसाधन क्या है ?
=> प्राकृतिक प्रदत्त वे सारी वस्तुएँ जो मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं उसे संसाधन कहते हैं।

मानव एक संसाधन है कैसे ?
=> मानव को एक संसाधन के रूप में तब माना जाता है जब देश के कार्यशील जनसंख्या अपनी कौशल और योग्यता के आधार पर राष्ट्रीय उत्पादन के सृजन में अधिक योगदान करें।

भौतिक पूँजी और मानव पूँजी में क्या अन्तर है ?

| | भौतिक पूँजी | मानव पूँजी |
|---|---|---|
| i) | भौतिक पूँजी उत्पादन का निष्क्रिय साधन है। | मानव पूँजी उत्पादन का एक सक्रिय साधन है। |
| ii) | भौतिक पूँजी मूर्त होती है। | मानव पूँजी अमूर्त होती है। |
| iii) | भौतिक पूँजी को उसके मालिक या स्वामी से अलग किया जा सकता है। | मानव पूँजी को उसके मालिक से अलग नहीं किया जा सकता है। |
| iv) | भौतिक पूँजी देश के अंदर गतिशील होती है। | मानव पूँजी गतिशील नहीं होती है क्योंकि |

| | |
|---|---|
| | यह राष्ट्रीयता एवं संस्कृति से बँधा हुआ रहता है। |
| v.) भौतिक पूँजी में समय के साथ लगातार प्रयोग होने से उसमे ह्रास होता है। | मानव पूँजी में बढ़ते उम्र के साथ ह्रास होता है। |

विश्व जनसंख्या की दृष्टि से भारत का क्या स्थान है?
दूसरा।

जन्म-दर क्या है?
प्रति हजार दम्पति में जितने बच्चे पैदा होते हैं उसे जन्म दर कहते हैं।

मृत्यु दर क्या है?
प्रति हजार व्यक्ति पर जितने लोग मरते हैं उसे मृत्यु दर कहते हैं।

भारत में जनसंख्या वृद्धि का क्या कारण है?
भारत में जनसंख्या वृद्धि के निम्न कारण है -

गर्म जलवायु

i) कम उम्र में शादी
ii) धार्मिक मान्यताएँ
iii) सामाजिक मान्यताएँ
iv) गरीबी
v) अशिक्षा
vi) परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता का
vii) अभाव

जनसंख्या वृद्धि को रोकने कौन-कौन से उपाय है?

जनसंख्या वृद्धि को रोकने के निम्न उपाय है-

i) अधिक उम्र में शादी
ii) आत्मसंयम
iii) शिक्षा का व्यापक प्रसार
iv) धन एवं आय का समान वितरण
v) परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूक रहना

राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के पाँच प्रावधानों को लिखें।

i) बच्चों की मृत्यु-दर प्रति हजार 30 से कम किया जाएँ।
ii) मातृ मृत्यु-दर को प्रति लाख 100 से नीचे लाना।

Scanned with CamScanner

AIDS के प्रति लोगों को जागरूक करना।

iii.) और इसके रोकथाम के लिए उपाय करना।

iv.) बाल-विवाह को रोकने के लिए सख्त कानून बनाना।

v.) लड़कियों की शादी का उम्र 20 साल से भी अधिक करना।

vi.) दो बच्चों के छोटे परिवार को प्रोत्साहन देना।

vii.) सुरक्षित गर्भपात के लिए सुविधाओं में वृद्धि करना।

G.D.P.- Grass Domestic Product.

U.G.C.- University Grants Commission.

N.C.E.R.T.- National council of Educational Research and Training.

S.C.E.R.T.- State council of Educational Research and Training.

I.C.M.R.- Indian council of Medical Research

Scanned with CamScanner

पेशेवर शिक्षा क्या है ?

=> रोजगार परक से संबंधित विशेष शिक्षा व्यवस्था को पेशेवर शिक्षा कहते है। इस शिक्षा के अंतर्गत कला, कौशल, व्यावसायिक, तकनीकी इत्यादि शिक्षा आते हैं।

एक साक्षर व्यक्ति कौन है ?

=> साक्षर व्यक्ति उस व्यक्ति को कहते है जिसे अक्षरों का ज्ञान हो व्यक्ति पहले अक्षर ज्ञान कर ही आगे की शिक्षा का यात्रा ~~कर~~ तय करता है।

प्रारम्भिक शिक्षा क्या है ?

=> शून्य से लेकर पाँचवी कक्षा तक शिक्षा को प्रारम्भिक शिक्षा कहते है।

साक्षरता एवं शिक्षा मे क्या अंतर है ?

=> किसी भी भाषा के अक्षर के ज्ञान होना साक्षरता कहलाता है। इसके विपरीत किसी भी क्षेत्र में कार्य करने की योग्यता, कुशलता, दक्षता और प्रशिक्षण हासिल करना शिक्षा कहलाता है।

गाडगिल फार्मूला क्या है ?

→ डी. आर. गाडगिल भारत के योजना आयोग का उपाध्यक्ष था। उन्होंने केन्द्र और राज्य द्वारा अर्जित आय में राज्यों को उचित हिस्सा मिले इसकी सिफारिश किया था। उन्होंने इस फार्मूले में यह सुझाव दिया था कि जिस राज्य में जनसंख्या कम होगी उस राज्य के लोगों का प्रति व्यक्ति केन्द्रित आय में हिस्सा अधिक होगा। रेल - भाड़ा समानीकरण और बिहार के खनिजों में रॉयल्टी कम करने का सुझाव दिया।

आयेंदे सल्वाडोर कौन था ?

⇒ आयेंदे सल्वाडोर चिली का रहने वाला एक समाजवादी राजनेता था। वह सोशलिस्ट पार्टी नाम करके एक राजनीतिक दल बनाया था। 1970 के चिली में हुए राष्ट्रपति के चुनाव में पोपुलर यूनिटी गठबंधन का नेतृत्व किया था। उस चुनाव में वह विजय हासिल कर नव निर्वाचित राष्ट्रपति बना था।

सैनिक तख्तापलट किसे कहते हैं ?

⇒ किसी भी विधिवत निर्वाचित सरकार को सेना द्वारा बलपूर्वक सत्ता से हटा देना सैनिक तख्तापलट कहलाता है। जैसे- चिली के आयेंदे सल्वाडोर की सत्ता को सेना द्वारा सत्ता से हटा दिया गया।

तख्तापलट किसे कहते हैं ?

⇒ किसी भी विधिवत निर्वाचित सरकार को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा असंवैधानिक तरीके से सत्ता से हटा देना

तख्तापलट या कूप कहलाता है।

लेकवालेशा कौन था?

=> लेक वालेशा पोलैंड के लेनिन जहाज कारखाना में इलेक्ट्रिशियन था। उस कारखाने में एक क्रेन चालक महिला कर्मचारी थी जिसको गलत ढंग से नौकरी से निकाल दिया गया। जिसके खिलाफ उस कारखाने में कार्यरत काम करने वाले कर्मचारियों ने हड़ताल कर दिया जिसका नेतृत्व लेकवालेशा करता था।

लेनिन जहाज कारखाना के हड़ताली कर्मचारियों ने सरकार के सामने कौन-कौन सी माँगे रखी थी?

=> हड़ताली कर्मचारियों ने सरकार के समक्ष निम्न माँगे रखी थी —

i.) देश में स्वतंत्र मजदूर संघ की मान्यता दी जाए।

ii.) जेल में बंद राजनीतिक बंदियों को बिना शर्त रिहा किया जाए।

iii.) प्रेस मीडिया पर लगी पाबंदियाँ हटा दी जाए।

SAGAR
Page No.
Date

Scanned with CamScanner

गंडास्क संधि किसे कहते हैं ?

⇒ पोलैंड के गंडास्क नामक शहर में लेनिन जहाज कारखाना के मजदूर नेता, लेक वालेशा और सरकार के बीच जो समझौता हुआ था उसे गंडास्क संधि कहते हैं। उस संधि में कुल 21 मुद्दों पर समझौता हुआ था।

लोकतंत्र की कौन-कौन सी विशेषताएँ हैं?

⇒ लोकतंत्र की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं —

i) लोकतंत्र में जनता अपनी मर्जी से सरकार का चुनाव करती है।

ii) लोकतंत्र में जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि को ही शासन करने का अधिकार होता है।

iii) लोकतंत्र में सरकार अपने कार्यों के लिए जनता के प्रति उत्तरदायी होती है।

iv) लोकतंत्र में जनता को अपने विचार एवं अभिव्यक्ति की ~~स्वत~~ स्वतंत्रता होती है।

v) लोकतंत्र में जनता को किसी भी प्रकार के संघ संगठन बनाने का अधिकार होता है।

Scanned with CamScanner

चिली और पोलैंड के शासन में कौन-कौन सी समानताएँ और असमानताएँ हैं।

⇒ समानताएँ

i) दोनों देशों में शासकों का चुनाव जनता अपनी इच्छा से नहीं करती थी।

ii) दोनों देशों में जनता को सरकार के समक्ष अपने विचार अभिव्यक्त करने का अधिकार नहीं था।

iii) दोनों देशों में लोगों को संघ संगठन बनाने राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने और सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने का वास्तविक अधिकार नहीं था।

असमानताएँ -

i) चिली में सैनिक शासन था जबकि पोलैंड में एक दल का शासन था।

ii) पोलैंड की सरकार यह दावा कर रही थी कि वह मजदूर वर्ग की ओर से शासन चला रही है जबकि चिली के पिनोशे सरकार ऐसा कोई दावा नहीं कर रही थी।

iii) चिली का शासन पर सैनिक अधिनायकवाद था जबकि पोलैंड के शासन पर मजदूर संगठन का अधिनायकत्व था।

सार्वजनिक वयस्क मताधिकार क्या है ?

⇒ समाज में बिना किसी भेदभाव के 18 साल उम्र पूरा करनेवाले सभी स्त्री पुरुष को मत देने के अधिकार को सार्वजनिक वयस्क मताधिकार कहते हैं। भारत में वयस्कों का उम्र सीमा 18 वर्ष निर्धारित है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी ? उसका मुख्यालय कहाँ है ? वर्तमान में उसमें कितने सदस्य राष्ट्र हैं ?

⇒ संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 ई० को हुई थी। उसका मुख्यालय विश्व का गगनचुंबी शहर संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में है। वर्तमान में इसमें कुल 192 सदस्य राष्ट्र हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ के कितने अंग हैं ? और कौन - कौन ?

⇒ संयुक्त राष्ट्र संघ के 6 अंग हैं -

Page No.
Date

महासभा

i) सुरक्षा परिषद्

ii) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्

iii) प्रन्यास परिषद्

iv) अंतर्राष्ट्रीय न्यायलय

v) सचिवालय

vi)

Scanned with CamScanner

★ चिली में सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना किसने की ?
सल्वाडोर आयेंदे ।

★ 'पोपुलर यूनिटी' नामक गठबंधन का नेतृत्व किसने किया ?
आयेंदे ।

★ राष्ट्रपति आयेंदे की हत्या कब हुई ? और किसके नेतृत्व में हुई ?
11 Sep 1973, जनरल अगस्तो ने ।

★ 11 Sep 1973 को चिली में जो कुछ हुआ उसे क्या कहते हैं ?
सैनिक तख्तापलट ।

★ तख्तापलट के बाद चिली का राष्ट्रपति कौन बना ?
जनरल अगस्तो पिनोशे बे ।

★ पिनोशे की सैनिक सरकार ने कितने वर्षों तक चिली में शासन किया ?
17 वर्ष ।

★ पिनोशे का सैनिक शासन कब समाप्त हुआ
1988 ।

★ अभी तक चिली में कितने बार चुनाव हो चुके हैं ?
चार ।

★ वर्ष 2006 में चिली का राष्ट्रपति कौन बना ?
मिशेल बेशले ।

Scanned with CamScanner

# Lesson - 02: लोकतंत्र क्या और क्यों?

Page No.
Date

★ पाकिस्तान में परवेज़ मुशर्रफ ने कब सैनिक तख्तापलट की अगुवाई की?
अक्टूबर 1999।

★ अब्राहम लिंकन कहाँ के राष्ट्रपति थे?
अमेरिका।

★ लोकतंत्र में शासन कौन करता है?
जनता।

★ वर्तमान समय में प्रत्यक्ष लोकतंत्र किस देश में देखने को मिलता है?
स्विट्जरलैंड।

★ लोकतंत्र में किसका विकास नहीं हो पाता है?
भ्रष्टाचार का।

★ मैक्सिको कितने ई० में आजाद हुआ था?
1930।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

7)

लोकतांत्रिक शासन - भारत।
सैनिक शासन - म्यांमार (वर्मा)।
कम्युनिस्ट शासन - चीन।
राजशाही शासन - भूटान।

8) पंजा छाप - कांग्रेस
कमल छाप - भारतीय जनता पार्टी
लालटेन - राष्ट्रीय जनता दल
तीर छाप - जनता दल यूनाइटेड
हसिया बाली - भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
हसिया हथौड़ा - भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
बंगला - लोक जनशक्ति पार्टी
साईकिल - समाजवादी पार्टी
हाथी - बहुजन समाज पार्टी

लोकतंत्र के पक्ष में तर्क दीजिए :-

* लोकतंत्र में जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि शासन करते हैं।
* लोकतंत्र में सरकार अपने कार्यों के लिए जनता के प्रति उत्तरदायी होती है।
* लोकतंत्र में सरकार लोगों के जरूरतों के अनुसार आचरण करती है।
* लोकतंत्र में सरकार लोगों की इच्छायें,

Scanned with CamScanner

भावनाओं और आवश्यकताओं के अनुसार कार्य करती है।

★ लोकतंत्र में सरकार कोई भी कार्य जन-कल्याण के लिए करती है।

लोकतंत्र के विपक्ष मे तर्क दीजिए.

★ लोकतंत्र बेवकूफों का शासन होता है।

★ लोकतांत्रिक शासन गैर जवाबदेही शासन है।

★ लोकतांत्रिक शासन खर्चीला शासन होता है क्योंकि इसमें बार-बार चुनाव होते रहते है और इसमें अधिक खर्च होता है।

★ लोकतंत्र मे निर्णय प्रक्रिया में विलंब होती है।

★ लोकतंत्र में नैतिकता का कोई मुख्य नहीं होता है।

प्रत्यक्ष लोकतंत्र (Direct Democracy)

जिस शासन तंत्र मे जनता सीधे भाग लेती है उसे प्रत्यक्ष लोकतंत्र कहते है। जैसे - स्विट्जरलैंड के पांच इकाई प्रान्तों का शासन।

SAGAR

Page No.

Date

अप्रत्यक्ष लोकतंत्र (Indirect democracy)

जिस शासन तंत्र में जनता सीधे भाग न लेकर अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से भाग लेती है तो उसे अप्रत्यक्ष (प्रतिनिधिमूलक) लोकतंत्र कहते हैं।

संविधान क्या है?

→ किसी भी देश का शासन जिन नियमों एवं सिद्धांतों के आधार पर चलते हैं उन नियमों एवं सिद्धांतों के संग्रह को संविधान कहते हैं।

रंग-भेद नीति क्या है?

→ श्वेत (गोरे) और अश्वेत (काले) के भेद-भाव पर आधारित नीति को रंग-भेद नीति कहते हैं। यह नीति दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने बनायी थी। यह नीति श्वेतों द्वारा अश्वेतों पर दमन करनेवाली नीति थी।

Scanned with CamScanner

इकाई - 1 भौगोलिक खोजें

इतिहास

वस्तुनिष्ठ प्रश्न:

1. वास्कोडिगामा कहाँ का यात्री था?
पुर्तगाल।

2. यूरोप वासियों ने दिशासूचक यंत्र का प्रयोग किनसे सीखा?
=> अरबों से।

3. उत्तमआशा अंतरीप की खोज किसने की?
=> डियाज बार्थोलोमियो।

4. अमेरिका की खोज किस वर्ष की गई?
=> 1492 में।

5.) कुस्तुनतुनिया का पतन किस वर्ष की गई?
=> 1453 में।

6.) विश्व का चक्कर किस यात्री ने सर्वप्रथम लगाया?
=> मैगलेन (1519 में)।

7.) जमोरीन कहाँ का शासक था?
=> केरल के कालीकट का।

8.) भारत आने में किस व्यापारी ने वास्कोडिगामा की मदद की? => अब्दुल मजीद।

Page No.
Date

9.) ऑस्ट्रेलिया की खोज किसने की ?
=> कैप्टन कुक ।

10.) सोना और चाँदी के भंडारण में कौन देश अग्रणी था ?
=> स्पेन ।

11.) धर्मसुधार आंदोलन का प्रातःकालीन तारा किसे कहा जाता है ?
=> जॉन विकलिफ को ।

12.) यूरोपीय द्वारा निर्मित तेज चलाने वाले जहाज को क्या कहा जाता था ?
=> कैरावल ।

13.) दक्षिण अफ्रिका का दक्षिणतम बिन्दु कौन सा है ?
=> उत्तमाशा अंतरीप ।

14.) 1453 में कुस्तुनतुनिया पर किसने आधिपत्य किया ?
=> तुर्कों ने ।

15.) न्यूफाउन्लैंड का पता किसने लगाया ?
=> सर जॉन और सेबास्टियन कैबोट ने ।

16.) 11 वीं - 12 वीं सदी में मुसलमानों और इसाइयों के बीच धर्मयुद्ध क्यों हुआ ?
=> जेरुशलम पर अधिकार को लेकर ।

17.) पुर्तगाल और स्पेन किस महासागर के पास अवस्थित है ?
=> अटलांटिक महासागर ।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

18.) भौगोलिक खोजों को प्रारंभ करने वाला देश कौन-सा है ?
=> पुर्तगाल एवं स्पेन ।

19.) पुर्नजागरण का अग्रदूत किसे माना गया ?
=> इटली के महान कवि दांते को ।

20.) दास व्यापार का सबसे बड़ा केन्द्र कौन-सा देश था ?
=> पुर्तगाल का लिस्बन शहर ।

21.) वास्कोडिगामा भारत के किस बंदरगाह पर पहुँचा ?
=> केरल के कालीकट बंदरगाह पर ।

22.) वास्कोडिगामा का स्वागत किसने किया ?
=> स्थानीय शासक (केरल का) जमोरीन ने ।

23.) पुर्नजागरण की शुरुआत ईटली के किस शहर से हुई ?
=> फ्लोरेंस ।

24.) ईसाई धर्म को राज्यधर्म कब और किसने घोषित किया ?
=> रोमन सम्राट ।

25.) रोमन कैथोलिक चर्च का केन्द्र कहाँ स्थापित हुआ ?
=> रोम में ।

26.) ब्राजील की खोज किसने की ?
=> कैबरल ने ।

27.) बेजेंटाइन साम्राज्य / पूर्वी रोमन साम्राज्य

की राजधानी कहाँ थी ?

⇒ कुस्तुनतुनिया ।

(II) 1.) भारत के मूल निवासियों को रेड इंडियन कहा जाता है । ×

2.) उत्तमआशा अंतरीप की खोज ने भारत तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त किया । ✓

3.) भारत अटलांटिक महासागर के पूर्वी तट पर स्थित है । ×

4.) मार्कोपोलो ने भारत की खोज की । ×

5.) जेरूशलम वर्तमान 'इजरायल' में है । ✓

6.) लिस्बन दास-व्यापार का बहुत बड़ा केन्द्र था । ✓

7.) अमेरिगो ने नई दुनिया को विस्तार से खोजा । ✓

(IV) लघु उत्तरीय प्रश्न

1.) यूरोप में मध्यकाल को अंधकार युग क्यों कहा जाता है ?

⇒ मध्यकालीन यूरोपीय इतिहास का यह काल सामंती प्रवृतियों का काल था । इस काल में न तो व्यापार - वाणिज्य गतिशील था और न ही धर्म का स्वरूप उदार एवं मानवीय था । मध्यकाल युग धर्म आडम्बरों एवं अंधविश्वास से भरा था

सीमित भौगोलिक ज्ञान के कारण समुद्री व्यापार भी सीमित था। लोगों का विश्वास था कि पृथ्वी चपटी है और अधिक दूर जाने पर गिरकर अनन्त में विलीन हो जाने का भय बना रहता था। शिक्षा का विकास नहीं हुआ था। कंपास का आविष्कार नहीं हुआ था। अतः समुद्र में भटक जाने का भय रहता था। इन सभी कारणों के आधार पर हम कह सकते हैं कि यूरोप में मध्यकाल को अंधकार युग कहा जाता है।

ii) भौगोलिक खोजों में वैज्ञानिक उपकरणों का क्या योगदान था?

⇒ भौगोलिक खोजों में नवीन वैज्ञानिक उपकरणों का महत्वपूर्ण योगदान था। गैलिलीयो ने दूरबीन का आविष्कार कर यात्रा को सुलभ कर दिया। 1380 में अरबों से कंपास का ज्ञान प्राप्त कर यूरोपीय लोगों ने इसका लाभ उठाया। दूरबीन एवं कंपास का ज्ञान कर दूरी और दिशा को प्राप्त कर समुद्री यात्रा सुलभ हो गया। पुर्तगालियों ने हल्के एवं तेज चलने वाले कैरावल नामक जहाज बनाया। अनेक नये-नये मार्गों दर्शक पुस्तक के

Scanned with CamScanner

माध्यम से यात्रा आसान हो गया।
इसप्रकार हम कह सकते हैं कि भौगोलिक खोजों में वैज्ञानिक उपकरणों का महत्वपूर्ण योगदान था।

iii) भौगोलिक खोजों ने व्यापार-वाणिज्य पर किस प्रकार प्रभाव डाले?
⇒ भौगोलिक खोजों के परिणामस्वरूप व्यापार-वाणिज्य में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। नए देशों की जानकारी के पहले यूरोपीय व्यापार सीमित क्षेत्र से होता था। भौगोलिक खोजों के फलस्वरूप इसका क्षेत्र विस्तृत हो गया। स्थानीय और सीमित व्यापार वैश्विक व्यापार के रूप में परिवर्तित होने लगा।

iv) भौगोलिक खोजों ने किस प्रकार भ्रांतियों को तोड़ा?
⇒ ~~मध्यकालिन~~ अंधकार युग में चर्च के प्रभाव से समुद्री यात्रा को लेकर अनेक भ्रांतियाँ थी। नई खोजों ने इन भ्रांतियों को मिटा दिया। चर्च का प्रभाव कम होने लगा। धर्म सुधार आंदोलन द्वारा चर्च के अंधविश्वास ~~पूर्ण~~ पर पूर्ण एवं आंडबर युक्त विचारों पर नियंत्रण लगा गया।

v.) भौगोलिक खोजों ने किस प्रकार विश्व के मानचित्र में परिवर्तन लाया ?

=> भौगोलिक खोजों के फलस्वरूप अनेक अज्ञात देशों का पता चला। इससे यूरोपीय देश जैसे स्पेन, पुर्तगाल, फ्रांस, इंग्लैण्ड आदि देशों ने विश्व के अन्य देशों पर अपना प्रभाव स्थापित किया। इसीप्रकार विश्व के मानचित्र पर यूरोपीय देशों का प्रभुत्व जम गया। अत: भौगोलिक खोज ने विश्व के मानचित्र में परिवर्तन लाया।

(V)
i.) भौगोलिक खोजों का क्या तात्पर्य है ? इसने किस प्रकार विश्व की दूरियाँ घटाई ?

=> 15 वीं - 16 वीं शताब्दी विश्व इतिहास में बौद्धिक पुर्नजागरण एवं धर्मसुधार आंदोलन का युग रहा है। इससे यूरोप के लोगों में नए - नए देशों की खोज और व्यापारिक मार्गों की खोज की होड़ लग गई। इस कार्य में यूरोपीय देश अपने - अपने शासकों के सहयोग ~~बस~~ से नए देशों की खोज पर निकल पड़े। इनमें मुख्य थे - पुर्तगाल, स्पेन, इंग्लैण्ड, फ्रांस, इत्यादि। भौगोलिक खोजों में मुख्य श्रेय वास्कोडिगामा, कोलम्बस जेम्स पोप, अमेरिगो वेस्पुचि, बार्थोलोमियो

डियाज इत्यादि का रहा है। इससे वाणिज्य व्यापार के साथ-साथ विस्तृत दुनिया की जानकारी हुई।

भौगोलिक खोज ने विश्व की दूरियाँ घटा दी। अनेक देशों के वैज्ञानिकों ने यातायात एवं संचार में नए-नए आविष्कार कर विश्व की दूरियाँ कम कर दी। इसप्रकार हम कह सकते हैं कि भौगोलिक खोजों ने विश्व की दूरियाँ घटा दी।

2.) भौगोलिक खोजों के कारणों की व्याख्या करें।

=) यूरोपवासी हमेशा या सदैव पूरब के साथ व्यापारिक संबंध स्थापित करना चाहते थे। 15 वी शताब्दी के अंतिम चरण में भौगोलिक खोजों का आरम्भ हुआ। भौगोलिक खोजों के निम्नलिखित कारण उत्तरदायी थे –

(i) कौतूहल की भावना
(ii) मानसून की जानकारी
(iii) नवीन वैज्ञानिक आविष्कार का योगदान
(iv) जहाजरानी का विकास
(v) भौगोलिक ज्ञान में वृद्धि
(vi) स्पेनवासियों का उत्साह
(vii) राष्ट्रीय राज्यों का उत्कर्ष
(viii)

Scanned with CamScanner

(ix) व्यापार - वाणिज्य का विकास
(x) कुस्तुनतुनिया का पतन
(xi) धर्मयुद्ध का प्रभाव

5) भौगोलिक खोजों के परिणामों का वर्णन करें। इसने विश्व पर क्या प्रभाव डाला ?

=) 15 वीं - 16 वीं शताब्दी की भौगोलिक खोजों की एक नयी विश्व की रूप रेखा तैयार कर दी। इससे पश्चिम एवं पूरब का सांस्कृतिक एवं व्यापारिक संपर्क बढ़ा। इससे वाणिज्य व्यापार का विकास हुआ। पूर्वी देशों में यूरोपीय बाजार एवं बस्तियाँ बसने लगी। पूर्वी व्यापार यूरोपियनों के लिए अत्यन्त लाभदायक था। अतः यूरोपीय शक्तियों में पूरब से व्यापार करने की होड़ लग गई। भौगोलिक खोजों के निम्नलिखित महत्वपूर्ण परिणाम हुए।

(i) व्यापार वाणिज्य का विकास
(ii) मुद्रा व्यवस्था का विकास
(iii) व्यापारी नगरों का उत्कर्ष
(iv) नयी व्यापारी शक्तियों का उदय
(v) बैंकिंग व्यवस्था का विकास
(vi) उपनिवेशवाद का विकास
(vii) दास व्यापार
(viii) प्रचलित भ्रांतियों का अंत

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

भौगोलिक ज्ञान में वृद्धि
(ix) इस्लाम धर्म एवं पश्चिमी सभ्यता का प्रसार
(क)

उपनिवेशवाद का आरंभ कैसे हुआ ? इसके क्या परिणाम हुए ?

⇒ भौगोलिक खोजों का एक महत्वपूर्ण परिणाम उपनिवेशवाद का जन्म एवं विकास है। व्यापारिक कंपनियों के माध्यम से संगठित व्यापार का विकास कर यूरोपीय राष्ट्रों में उपनिवेश स्थापित करने की होड़ लग गई। इंग्लैंड, फ्रांस, पुर्तगाल, स्पेन, हॉलैंड ऐसे राष्ट्रों के प्रमुख थे। एशिया, अफ्रीका, अमेरिका में अनेकों जिनके उपनिवेश स्थापित हुए। इन उपनिवेशों के आर्थिक संसाधनों का दोहन कर उनकी अर्थव्यवस्था पर अधिकार कर धन कमाया। बाद में उपनिवेशों की शासन व्यवस्था पर अधिकार कर लिया।

इस प्रकार उपनिवेशवाद ने साम्राज्यवाद को जन्म दिया। इससे यूरोपीय राष्ट्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी।

Scanned with CamScanner

# Lesson - 02

Page No.
Date

सप्तवर्षीय युद्ध किन दो देशों के बीच हुआ था?
फ्रांस और इंग्लैण्ड। (1756 से 1763)
कॉमनसेंस के लेखक कौन थे?
टॉमस पेन।
ब्रिटिश संसद ने स्टांप ऐक्ट किस वर्ष पारित किया?
1765।
बोस्टन की चायपार्टी की घटना कब घटी?
1773।
अमेरिका स्वतंत्रता संग्राम का पहला युद्ध कब हुआ?
1775
'प्रतिनिधित्व नहीं तो कर नहीं' यह नारा किस क्रांति ने दिया?
अमेरिका के स्वतंत्रता संग्राम में।
'स्वाधीनता के पुत्र एवं पुत्रियाँ' नामक संस्थान किस दौरान स्थापित की गई?
अमेरिका स्वतंत्रता संग्राम के दौरान
अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी सेना का सेनापति कौन था?
लॉर्ड कॉर्नवालिस
अमेरिकी उपनिवेश का सेनापति कौन था?
जॉर्ज वाशिंगटन।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

किस संधि द्वारा अमेरिकी उपनिवेशों को स्वतंत्रता मिली ?
पेरिस की संधि।
विश्व का पहला लिखित संविधान किस देश में लागू किया गया ?
अमेरिका में।
अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के समय इंग्लैंड का राजा कौन था ?
जॉर्ज तृतीय।
अमेरिका की खोज किसने की ?
कोलम्बस ने।
स्वतंत्रता की घोषणा को किसने तैयार किया ?
टॉमस जेफर्सन।
उत्तरी अमेरिका में अंग्रेजों ने कितने उपनिवेश स्थापित किए ?
13।
फिलाडेल्फीया का दूसरा सम्मेलन कब हुआ?
1776।
लैसेज फेयर अथवा मुक्त व्यापार का सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया ?
एडम स्मिथ।
शक्ति पृथक्करण का सिद्धांत किसने दिया?
मांटेस्क्यू।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

गणतंत्रात्मक शासन व्यवस्था सर्वप्रथम कहाँ स्थापित हुआ?
अमेरिका
अमेरिकी संविधान किस वर्ष लागू किया गया?
1789
राइट्स ऑफ मैन किसने लिखी थी?
टॉमस जे फैसन।

IV.) 10 शब्दों में उत्तर दें।

1.) गणतंत्र – गण का अर्थ गिनती और तंत्र का अर्थ शासन है। जिस देश के शासन का प्रधान गिनती पर आधारित हो उसे गणतंत्र कहा जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में गणतंत्रात्मक व्यवस्था लागू है।

2.) मौलिक अधिकार – उन अधिकारों को मौलिक अधिकार कहते हैं जो संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदान किये जाते हैं और जो साथ ही मानव के सर्वांगीण विकास में आवश्यक माने जाते हैं। भारतीय संविधान में 6 मौलिक अधिकार दिये गया है।

Scanned with CamScanner

3) मताधिकार – हर लोकतांत्रिक राज्यों में जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो उनको चुनाव में मत देने का अधिकार प्राप्त होते हैं। ये बिना किसी भेदभाव जाति, धर्म, रंग आदि से ऊपर उठकर इन अधिकारों का उपयोग कर सकते हैं।

4) उपनिवेश – जब कोई शक्तिशाली देश किसी कमजोर देश पर राजनीति और आर्थिक प्रभुत्व स्थापित करता है तो उसे उपनिवेशवाद कहा जाता है।

5) राजतंत्र – जिस देश में राजा का शासन हो और वह शासन का प्रधान हो उसे राजतंत्र कहा जाता है।

V. लघु उत्तरीय प्रश्न

1) अमेरिका या नई दुनिया की खोज क्यों हुई?

=) विश्व इतिहास में आधुनिकता का प्रारंभ जिन घटनाओं के साथ जोड़ा जाता है। उनमें यूरोपीय देशों द्वारा नये

समुद्री मार्गों की खोज प्रमुख है। इसकी मुख्य विशेषता व्यापारिक रास्ते को विकसित करना था ताकि यूरोपीय देश व्यापार, वाणिज्य और अर्थव्यवस्था से समृद्धी आ सके। इसी क्रम में 1492 में अमेरिका की खोज कोलबंस ने की। पुनः 16 वीं सदी में अमेरिगो वेस्पुची ने इस वृहद भू-खंड के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रकार नई दुनिया का खोज कर वर्चस्व स्थापित करने लगे।

2.) नई दुनिया की खोज इंग्लैंड के लिए वरदान साबित हुआ कैसे?

=> जिस समय अमेरिका का पता चला। उस समय इंग्लैण्ड की आबादी तेजी से बढ़ रही थी। इंग्लैण्ड के लिए बढ़ती आबादी एक विकट समस्या थी। अमेरिका का पता चला तो इंग्लैण्ड अपने आप आदमी को लेकर जाकर अमेरिका में बसा दिया। इसलिए अमेरिका का खोज इंग्लैण्ड के लिए वरदान साबित हुआ।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date

3) मुक्त व्यापार के सिद्धांत ने उपनिवेशवासियों को क्रांति के लिए प्रेरित किया कैसे ?

=> इंग्लैंड ने अमेरिका पर शासन करने के बाद ऐसी आर्थिक नीतियाँ अपनाई जिससे उपनिवेशवासियों का आर्थिक दोहन हुआ। आयात निर्यात पर इंग्लैंड ने रोक लगा दिया। उपनिवेशवासियों मुक्त व्यापार की नियम से प्रभावित थे। वे इंग्लैंड के आर्थिक नीतियों के विरुद्ध ~~युद्ध~~ थे। वे चाहते थे कि क्रांति के माध्यम से ब्रिटेन के शासन व्यवस्था को समाप्त कर दे। इसप्रकार हम कह सकते है कि मुक्त व्यापार के सिद्धांत ने उपनिवेशवासियों को क्रांति के लिए प्रेरित किया।

4) अमेरीकी स्वतंत्रता संग्राम ने फ्रांस पर भी प्रभाव डाला है - कैसे ?

=> अमेरिका स्वतंत्रता संग्राम का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव फ्रांस पर हुआ। फ्रांस इंग्लैंड से अपने हार का बदला लेने के लिए अमेरिका स्वतंत्रता संग्राम के दौरान धन और सैनिक से

Scanned with CamScanner

अमेरिका की मदद की। फ्रांस ने लफायते के नेतृत्व में हजारों सैनिकों से अमेरिका की मदद की। युद्ध समाप्ति के बाद जब फ्रांसीसी सैनिक स्वदेश लौटे तो। उनमें गुलामी खटकने लगी। फ्रांसीसी सैनिक में अपने देश की आजादी की भावना जगी। फलस्वरूप 1789 में फ्रांसीसी क्रांति उत्पन्न हो गया।

VI.

1.) अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के तीन प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए।

2.) अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम का विश्व इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। इस स्वतंत्रता संग्राम से ही यूरोप में क्रांतियों की शृंखला आरंभ हो गयी। इस स्वतंत्रता संग्राम ने पहली बार विश्व को जनतंत्रात्मक शासन प्रणाली, धर्मनिरपेक्ष राज्य तथा प्रथम लिखित संविधान दिया। इस स्वतंत्रता संग्राम के निम्नलिखित कारण थे।

i.) उपनिवेशों में राजनीतिक स्वयतता का अभाव।

ii.) भौगोलिक दूरी
iii.) मध्यम वर्ग का उदय
iv.) धार्मिक और सामाजिक व्यवस्था में मतभे
v.) सप्तवर्षीय युद्ध का प्रभाव
vi.) प्रगति विरोधी आर्थिक नीति
vii.) लेखकों एवं प्रचारकों की भूमिका
viii.) जार्ज तृतीय की निरंकुश नीति
ix.) बोस्टन की चाय पार्टी (तात्कालिक कारण) 1773

3.) अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के परिणामों की आलोचनात्मक परीक्षण करें।

=) अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम विश्व इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है इसके दुर्गामी और निर्णायक परिणाम हुए जो निम्न है -

i.) संयुक्त राज्य अमेरिका का उदय :- इस युद्ध के परिणाम स्वरूप अमेरिका के 13 उपनिवेश मिलकर संयुक्त राज्य अमेरिका की स्थापना की और विश्व मानचित्र पर एक नये राष्ट्र का उदय हुआ।

ii.) मुक्त व्यापार का सिद्धांत - अमेरिका स्वतंत्रता संग्राम व्यापार वाणिज्य पर

लगे प्रतिबंधों का विरुद्ध या अंत : स्वतंत्रता के बाद एडमस्मिथ के मुक्त व्यापार के सिद्धांत को लागू किया गया।

iii.) प्रथम जनतंत्र की स्थापना - संयुक्त राज्य अमेरिका पहला राष्ट्र बना जो राजतंत्रात्मक शासन के स्थान पर जनतंत्रात्मक शासन अपनाया। इस संग्राम के सेनापति जॉर्ज वाशिंगटन अमेरिका गणराज्य के प्रथम राजा बने।

iv.) औद्योगिक क्रांति का आरंभ - अमेरिका स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अस्त्र शस्त्रों तथा अन्य हथियारों के निर्माण के लिए कल-कारखानों खोले गये। इससे औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया आरंभ हुई।

v.) समाज पर प्रभाव - अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम ने यहाँ के समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला जो लोग इस नई व्यवस्था से असंतुष्ट थे वे पड़ोसी देश कनाडा में बस गये। गणतंत्रात्मक विचारधारा से प्रभावित लोग ही अमेरिका में रहे। औद्योगिकीकरण के प्रभाव के कारण समाज में पूँजीपतियों की संख्या बढ़ी। युद्ध

में महिलाओं ने प्रमुखता से भाग लिया जिसके कारण उन्हें अनेक अधिकार दिये गए।

4.) अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के पराजय के क्या कारण थे?

=> अमेरिका स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इंग्लैंड काफी शक्तिशाली देश था और विश्व में उसके कई उपनिवेश थे फिर भी अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम में उसे हार का मुँह देखना पड़ा। इसके असफलता के निम्न कारण थे।

i.) अमेरिका की शक्ति को इंग्लैंड नजरअंदाज कर दिया। वह इसे गृह युद्ध ही समझता रहा।

ii.) उपनिवेशवासियों में एकता एवं उत्साह था वे अपनी स्वतंत्रता के लिए कुछ भी करने को तैयार थे।

iii.) ब्रिटीश सेनापतियों ने कुछ सामरिक भूले की

iv.) ब्रिटिश राजनेताओं के बीच गंभीर मतभेद थे। जॉर्ज तृतीय के हठधर्मिता नीति के कारण योग्य एवं अनुभवी नेता सरकार से अलग रहे।

v.) ब्रिटिश विदेशी सहायता से वंचित रहा

जबकि अमेरिका उपनिवेशों को विदेशी सहायता प्राप्त विशेष फ्रांस ने तन-मन-धन से मदद पहुँचाई।

vi) अमेरिका को जार्ज वाशिंगटन जैसा सुयोग्य नेता मिल गया जिसने बड़े धैर्य, साहस एवं कुशलता के साथ अंग्रेजी सेना को पराजित किया।

उपर्युक्त कारणों से अमेरिका स्वतंत्रता संग्राम सफल रहा।

Scanned with CamScanner